सरकारी यात्रा संगठनों के अन्तर्राष्ट्रीय संघ की अंकारा में हुई बैठक

7618. **श्री महादीपक सिंह शाक्य :** क्या पर्यटन और नागर विमानन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकारी यात्रा संगठनों के अन्तर्राष्ट्रीय संघ की एक आम बैठक अक्टूबर, में अंकारा में हुई थी;

(ख) क्या संघ ने अपना एक कार्यालय दक्षिण एशिया क्षेत्र में खोलने का निर्णय किया था; और

(ग) यदि हां, तो यह कार्यालय कब और किस देश मे खोला जायेगा ?

पर्यटन और नागर विमानन मंत्री (डा० कर्ण सिंह) : (क) जी, हां। सरकारी यात्रा संस्थाओं के अन्तर्राष्ट्रीय सघ (आई० यू० ओ० टी० ओ०) का सामान्य अधिवेशन अंकारा, टर्की, में 19 से 27 अक्तूबर, 1971 तक सम्पन्न हुआ।

(ख) जी, हां। सरकारी यात्रा संस्थाओं के अन्तराष्ट्रीय संघ ने दक्षिण एशिया क्षेत्र मे एक क्षेत्रीय कार्यालय खोलने का निर्णय किया।

(ग) यह कार्यालय कोलम्बो में खोला जायेगा किन्तु अभी तारीख निश्चित नहीं की गई है।

पश्चिम रेलवे के 'लो ग्रेड' तथा हरिजन कर्मचारियों के लिए बैंकों का खोला जाना

7619. **श्री ओंकार लाल बेरवा :** क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पश्चिमी रेलवे में काम कर रहे 'लो ग्रेड' तथा हरिजन कर्मचारियों के लिए बैंकों की कुछ शाखाएं खोली गयी हैं;

(ख) यदि हां, तो उन स्थानों के नाम क्या हैं जहां पर ये शाखाएं खोली गयी हैं;

(ग) क्या यह सुविधा कोटा (राजस्थान) के कर्मचारियों को भी दी जाएंगी; और

(घ) यदि हां, तो कब और बैंकों के नाम क्या हैं ?

वित्त मंत्री (श्री यशवन्तराव चव्हाण) : (क) से (घ). किसी विशेष मोहल्ले में कार्य कर रही बैंक की शाखाएं हरिजनों सहित समस्त जनता की सेवा करती हैं और राष्ट्रीयकृत बैंकों द्वारा किसी समुदाय विशेष के लिए अलग शाखाएं नही खोली जातीं। नीति के रूप में, सरकारी, क्षेत्र के बैंक अब तक उपेक्षित रहे क्षेत्रों को बढ़ते हुए पैमाने पर ऋण दे रहे हैं। कोटा शहर मे 1971 के वर्ष के अन्त मे कोई 17 बैंक कार्यालय काम कर रहे थे।

Cooch Behar Refugee Service

7620. **SHRI B. K. DASCHOWDHURY :** Will the Minister of FINANCE be pleased to state :

(a) whether the Cooch Behar Refugee Service is liable to pay Income-tax ; and

(b) if so, whether the agency has filed income-tax returns for the respective years ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI K. R. GANESH) : (a) Cooch Behar Refugee Service is not so far assessed to income-tax. Enquiries are being made by assessing authorities to find out whether Cooch Behar Refugee Service is liable to pay Income-tax. The ffndi gs of the assess'ng autorities in this regard will be placed on the Table of the House as soon as it is received.

(b) In the light of the above, this part of the question does not arise.

आयकर अधिकारियों द्वारा बम्बई में मारे गए छापे

7621. **श्री ईश्वर चौधरी :** क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :